Smuggling of non-basmati rice from Kaklnada Port

2290. SHRI HUKMDEO NARAYAN ^ADAV: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

>„ <a) whether it is a fact that over 10.000 metric tonnes of non-basmati rice which was a licenced commodity at that time worth over Rs. 4 Crores *iwas* smuggled out of India from Kakinada Port during the year 19-82 sin the name of National Consunter Co. 'Sgjerative Federation; -and

-, (b) if so what action, if any, has been taken in the matter?

«; = THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND FOOD AND CIVIL SUPPLIES .j(SHRI AJIT PANJA): (la)' and _(b) National Cooperative Consu-' Thfrrs' Federation has reported that a quantity of .about 9,300 MTs. of non, basmati rice was unauthorisedly ex' ported by a private firm using the> name of National Cooperative Consumers' Federation. They ' have further reported that a criminal case has been filed by the National Cooperative Consumers' Federation in the •court of the Chief Metropolitan Magistrate, Bomby, against the party involved.

बिहार में पर्यटक स्थलों का विकास

2291. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **संसदीय कार्य और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में देवघर का शिव मंदिर, अनेक जैन तथा बौद्ध मंदिर, सीता कुंड, ऋषिकुण्ड, भीम बांध, गर्म जल का चश्मा, हजारी बाग का राष्ट्रीय वन और वहां की एक विशाल झील आदि जैसे अनेक धार्मिक, ऐतिहासिक और सुन्दर स्थल हैं; यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार इन स्थानों का विकास करने का विचार रखती है ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि केन्द्रीय सरकार ने इन स्थानों के बारे में सूचना देने वाला कोई साहित्य भी तैयार नहीं किया है और न ही स्थानों की यात्रा करने के लिए परिवहन सुविधा प्रदान करने संबंधी कोई प्रबंध किए हैं; यदि हां, तो निकट भविष्य में सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

संसदीय कार्य और पर्यटन मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) जी हाँ पर्यटन विभाग ने बिहार सरकार के परामर्श से राज्य में 20 पर्यटक-केन्द्र अभिनिर्धारित किए हैं, जिनमें भीम डैम (भीमबांध)* और हजारीबाग शामिल है, जिनका केन्द्र, राज्य और निजी क्षेत्र के मिश्रित संसाधनों, द्वारा अवस्थाबद्ध रूप से विकास किया जाएगा । राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर परस्पर प्राथमिकता और धन-राशि की उपलब्धता पर केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है ।

(ख) जी, नहीं । वास्तविकता यह नहीं है । केन्द्रीय पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए गए संवर्धनात्मक प्रचार साहित्य में देवघर, भीमडैम, हजारीबाग आदि जैसे पर्यटक-स्थल शामिल हैं । हजारीबाग राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीवन विहार स्थल को देखने के लिए विभाग ने 1981-82 में एक मिनी बस खरीदने के लिए धनराशि रिलीज की थी ।

पर्यटन से सम्बन्धित साहित्य का हिन्दी में प्रकाशन

2292. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **संसदीय कार्य और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पर्यटन विभाग ने संसदीय कार्य विभाग के साथ अपना विलय होने से पूर्व स्वर्गीय प्रधान मंत्री के नाम पर "इंदिराजी" शीर्षक से एक हिन्दी मासिक पत्रिका निकालने का निर्णय किया था और इस प्रयोजन के लिए एक तारीख भी निश्चित कर ली गई थी; यदि हां, तो इस संबंध में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ;